एक नजर

मौन प्रदर्शन के बाद शहर की इकलौती बिना गड्ढे वाली सड़क पर जाकर सभी ने थोड़ी देर आराम किया

बुरहानपुर। कल खराब सड़कों के चलते बिटिया रोड पर हुई शहर की बेटी की मौत एवं शहर की सड़कों पर हो रहे गड्ढों को लेकर मौन प्रदर्शन सिंधी बस्ती चौराहे पर किया। उक्त मौन प्रदर्शन के दौरान ठाकुर सुरेंद्र सिंह,निखिल खंडेलवाल, असगर चौधरी, संजय चौकसे, सोहराब कुरैशीए असलम खानए भावेश सिंह तोमरए जमील चौहानए अरुण महाराज जोशीए वसीम बक्शाए शहजाद नूरए फैज पठानए आकिबुद्दीनए शाहिद अंसारीए कैलाश पाटिल, हफीजुद्दीन मंसूरी, दीपक जंगलेए औजेर अंसारीए अकरम पठान, राजकुमार बचवानी सहित अन्य कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पोला पर्व पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने वोकल फॉर लोकल के तहत की खरीदी

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। किसानों का सबसे बड़ा और पारंपरिक पोला पर्व पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने बुरहानपुर के बाजार में वोकल फॉर लोकल के तहत फुटपाथ एवं हाथ ठेला दुकानदारो से पशुओं से संबंधित सामग्री क्रय की। गजेन्द्र पाटील ने कहा कि यह केवल एक खरीदारी नहीं, बल्कि हमारे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के परिश्रम को सम्मान देने का एक छोटा प्रयास है। इस दौरान उनके द्वारा फूल हार पर लगी जिलेटिन पन्नी को नही लगाने का दुकानदार से आग्रह किया। क्योंकि कई बार पशु इन फूलो के हार को खा लेते हैं। इससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री मोदी जी के वोकल फॉर लोकल अभियान को मज़बूत करें। आइए इस त्यौहार के अवसर पर विदेशी वस्तुओं की बजाय भारतीय कारीगरों और उद्यमियों द्वारा बनाए गए सामान को अपनाएँ। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमोल भगत,जन भागीदारी समिति अध्यक्ष महेंद्र कामले,पार्षद नितेश दलाल ,भरत मराठे,महेंद्र इंगले, राजेश महाजन,अमित नवलखे , नितिन महाजन, यशवर्धन अग्रवाल,पंकज पवार, दत्ता सूर्यवंशी,महेंद्र महाजन,महेंद्र मराठा, श्रीराम निकम,हितेश गांधी सहित युवा साथी मौजूद रहे।

म.प्र.मंत्री परिषद की बैठक में शिक्षको को भी 10 दिन का अर्जित अवकाश देकर भेदभाव समाप्त करने के फैसले का स्वागत

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश सरकार की मंत्री परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 2025 का अनुमोदन किया, जिसमें मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की बहुप्रतीक्षित मांग अनुसार शिक्षक संवर्ग को भी वर्ष में 10 दिन के अर्जित अवकाश की पात्रता का प्रावधान कर शिक्षक के साथ हो रहे भेदभाव की समाप्ति पर संघटन ने इस निर्णय का हर्ष के साथस्वागत किया।

संघटन के प्रदेश सचिव अमर पाटिल ने बताया है कि इसके लिए संघ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय राउत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लछीराम इंगले और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीरसिंह राठौर 2020 से सतत प्रयासरत रहे ।अब तक शिक्षक संवर्ग को छोड़कर प्रदेश के शेष समस्त कर्मचारियों को वर्ष में 10 दिन के अर्जित अवकाश की पात्रता थी नवीन अवकाश नियम में शिक्षक के लिए भी वर्ष में 10 दिन के अर्जित अवकाश का प्रावधान किया है जिससे शिक्षक संवर्ग के साथ हो रहा बहुत बड़ा भेदभाव समाप्त हुआ है ।साथ ही नवीन अवकाश नियम में किराए पर कोख देने वाली मां सेरोगेट मां को मातृत्व अवकाश,दत्तक संतान ग्रहण करने वाले लोकसेवक को 15 दिन का पितृत्व अवकाश,अवैवाहिक या एकल पुरुष को संतान पालन अवकाश,वर्ष में 20 दिन अर्धवेतन अवकाश प्रतिवर्ष देय होगा जिसे नही लेने पर संचय होता रहेगा , इसे लेने की अवधि भी 125 दिन से बढ़ाकर 180 दिन की गई है, शिक्षको को भी 10 दिन का अर्जित अवकाश,भेदभाव समाप्त,म.प्र.शिक्षक संघ ने हर्ष के साथ किया स्वागत।

संघ के प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता,संघटन मंत्री हिम्मतसिंह जैन,सह संघटन मंत्री हीरालाल तिरोले ने कर्मचारी हितेषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को शिक्षको के हर्ष से अवगत कराते हुए साधुवाद देंकर मांग की है कि 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षक संवर्ग को छोड़कर शेष समस्त कर्मचारियों को दी जा रही चतुर्थ क्रमोन्नतिध्समयमान वेतनमान योजना के भेदभाव को भी इसी तरह समाप्त कर शिक्षको को भी चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाए। इस सम्बंध मीडिया के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया है। उपरोक्त जानकारी धनराज पाटील जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा दी गई।

डिफाल्टर किसान भी 30 अगस्त तक फसल बीमा कराए

बुरहानपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बुरहानपुर जिले में सोयाबीन, कपास,मक्का व अरहर फसल अधिसूचित की गई है, डिफॉल्टर एवं अऋणी किसान अधिक से अधिक संख्या में अपनी फसल का बीमा बैंक के माध्यम से करवा सकते है। प्रति एकड़ फसल की प्रीमियम दर सोयाबीन के लिए 355 ,मक्का के लिए 385, कपास के लिए 1105 तथा तुवर के लिए 295 जमा करवा सकते हैए किसानों का जिस बैंक में खाता है वहां स्वयं के द्वारा स्वघोषित बुवाई प्रमाण पत्र, दस्तावेज जमा करते हुए बीमा कराना होगा, अंतिम तिथि 30 अगस्त है। गत वर्ष खरीफ 2024 में जिले के 3561 किसानों को फसल बीमा दावा राशि के रूप में लगभग एक करोड़ 21 लख रुपए प्राप्त हुऐ है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव के लिए फसल बीमा कराए।

अधीक्षिका को बाकड़ी एकीकृत माध्यमिक शाला में पदस्थ

नेपानगर। पिछले दिनों विवादों में आई बुरहानपुर के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका सीमा करोड़ा को जनजातीय विभाग ने अधीक्षिका पद से हटा दिया है। उन्हें बाकड़ी एकीकृत माध्यमिक शाला बाकड़ी में पदस्थ किया गया है। वह मूल रूप से प्राथमिक शिक्षक हैं। पिछले दिनों क्षेत्र के ग्रामीणों ने यहां शिक्षकों की कमी की शिकायत की थी। विवादों में आने पर अधीक्षिका को विभाग ने यहा पदस्थ कर दिया।

6 लीटर अवैध शराब जब्त

नेपानगर। नावरा चौकी पुलिस ने ग्राम हैदरपुर में दबिश देकर एक महिला से छह लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद की। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला निर्मला बाई पति नवल से अवैध शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

बुरहानपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया पोला पर्व

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिला महाराष्ट्र से लगा होने के कारण यहा महाराष्ट्र की तरह अनेक उत्सव मनाए जाते है। ऐसा ही एक उत्सव पौला उत्सव बुरहानुपर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को धुमधाम से मनाया गया। बतादे कि सालभर किसानों के खेतों में मेहनत कर हल खींचने वाले बैलों को पूजा गया ।किसान पोला त्योहार मनाकर उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं।इस दिन उनसे किसी प्रकार का काम नहीं कराया जाता।सुबह से ही ग्रामीण अपने बैलों को लेकर मंदिर में पूजा पाठ करने पहुंचे। वह अपने बैलों को रंग बिरंगी चोला पहनाकर मंदिर परिसर में दिखाई दिए। साथ ही ग्रामीण युवाओं में इसका अलग ही रूप देखने में मिला। युवा भी अपनी पारम्परिक वेश भूषा में नजर आए।

बैलो के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का पर्व है पोला उत्सव : पंण्डित योगेश गुरूजी

पोला पर्व शिव धाम बहादुरपुर में धूमधाम से मनाया जाए ग्राम के किसानों के सभी बैलों की जोड़ी ने आकर शिवजी के दर्शन करें उसमें से प्रमुख बैल चुन करके पूजन किया गया जिसमे ग्राम के किसान अविनाश अरुण पाटिल एवं भूषण अरुण पाटिल के बैल जोड़ी पूजे गए।

शिवधाम गुरूजी एवं ज्योतिषाचार्य पं योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि हमारी सनातन धर्म संस्कृति बहुत महान है इसमें हर वह चीज जिसका उपयोग करते हैं उसके प्रति कृतज्ञता दर्शाने का भाव हम सभी में रहता है और इसीलिए हम सर्वे भवंतु सुखिन: की कामना करते हैं इसी प्रकार पोला पर्व किसानों द्वारा बैलो के प्रति कृतज्ञता का पर्व है ।

जिसका सीधा संबंध कृषि और पशुधन से है। यह किसानों द्वारा अपने बैलों और बैलों की जोड़ी को धन्यवाद देने का त्योहार है, जो साल भर खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं।किसान बैलों को परिवार का हिस्सा मानते हैं और यह पर्व उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है। इस दिन बैलों को खेतों के काम से पूरी तरह छुट्टी दी जाती है और उन्हें आराम करने दिया जाता है। यह एक तरह से बैलों को उनके अथक परिश्रम के लिए दिया जाने वाला सम्मान है।

पोला के दिन बैलों को नहलाकर अच्छी तरह से सजाया जाता है। उनके सींगों पर रंग लगाए जाते हैं,गले में फूलों की माला और घंटियां डाली जाती हैं। उन्हें रंगीन कपड़ों से सजाया जाता है और उनकी भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है एवं पूरन पोली का भोग नैवैध के रूप में उन्हें खिलाया जाता है घर में मिट्टी के बैलों का पूजन किया जाता है । इस अवसर पर ग्राम बहादरपुर के ग्रामवासि गणमान्य नागरिक एवं सरपंच विजय उमाले उपस्थित थे।

पोला पर्व ग्राम इच्छापुर में बड़े उत्साह के साथ मनाया

नवभारत न्यूज, ईच्छापर। शुक्रवार को अमावस्या कि दिन पोला पर्व ग्राम इच्छापूर मे बडे उत्साह के साथ मनाया गया । पोले के एक दिन पूर्व बेलो को विश्राम दिया जाता है। शाम को पूजा अर्चना कर उन्हें पोले का निमंत्रण दिया जाना है। दूसरे दिन नहला कर श्रंगाार किया जाता है। सुबह नो बजे श्री हनुमान मंदीर पर लाकर श्रीफल फोडकर किसान भाई घर लाकर पुरण पोली का भोजन देते है इसके पश्चात घर- घर बैलो की पूजा होती है। गांव के हजारो बैल हनुमान मंदीर पर दर्शन करने आते है।

ग्राम बोरहड़ा में सांसद ने धर्मपत्नि के साथ की बैल पूजा

शुक्रवार को बैल पोला पर्व के मौके पर बुरहानपुर के ग्राम बोरहड़ा निवास में विधि.विधान से खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने धर्मपत्नि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री पाटील व परिवारजनों के साथ बैल पूजा की। इस दौरान सांसद श्री पाटील पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। श्रीमती जयश्री पाटील ने बैल को तिलक लगाया उनकी आरती उतार और फिर गुड़ की रोटी और चावल के व्यंजन उन्हें खिलाए। पूजन से पहले बैलों का श्रृंगार किया गया था। गौरतलब है कि भाद्रपद अमावस्या से एक दिन पूर्व किसान गाय एवं बैलों को रस्सी से आजाद कर देते हैंए इनके शरीर पर हल्दी का उबटन एवं सरसों का तेल लगाकर मालिश करते हैं। अगले दिन यानी बैल पोला के दिन गाय.बैलों को स्नान कराया जाता है।इसके बाद उनका श्रृंगार करते हैं।गले में घंटी युक्त नई माला पहनाते हैं। उनके सींगों को रंगा जाता हैए उसमें धातु के छल्लेए एवं वस्त्र पहनाते हैं और माथे पर तिलक लगाकर उन्हें हरा चारा और गुड़ खिलाते हैं। कुछ क्षेत्रों में पोली नैवेद्य चावल एवं दाल से बना विशिष्ट पकवान व्यजंन और गुड़वनी ;गुड़ से बना पकवानद्ध भी खिलाया जाता है। घर के सभी सदस्य बैलों के सामने हाथ जोड़कर कृषि में सह भूमिका निभाने के लिए अभार व्यक्त करते है। पूजन के दौरान दिनकर पाटील,बाडू पाटील,शिवा पाटील,संतोष पाटील,सुभाष तांदले,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील,प्रवीन गुंजाल,नरेंद्र पाटिल,जय पाटील,शुभम पाटील, मयूर पाटील,देवांश पाटील,राज पाटील,कुणाल पाटील,प्रीयम पाटील,भूषण तांदले,हर्षवर्धन पाटील सहित परिवारजन मौजूद रहे। सांसद श्री पाटील ने गौ वंश पालकों सहित किसानों भाइयों को पोला पर्व की शुभकामनाएं दी।

मोमबत्ती जलाकर मौन प्रदर्शन,गड्ढों के खिलाफ संवेदनशील पहल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ताप्ती सेवा समिति, बुरहानपुर द्वारा सिंधी बस्ती चौराहा पर गुरुवार रात 8 बजे श्मोमबत्ती जलाकर मौन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक,बच्चे,महिलाएँ एवं बुजुर्ग शामिल हुए। यह मौन प्रदर्शन किसी राजनीतिक या प्रशासनिक विरोध का स्वर नहीं था, बल्कि सड़क सुरक्षा और जनहित का संवेदनशील संदेश देने का प्रयास था। समिति के वरिष्ठ सदस्य मंसूर सेवक ने कहा यह गड्ढे कितनों की जान लेंगे। हम मौन हैं,लेकिन

समस्या बहुत बड़ी है।

समिति अध्यक्ष सरिता भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा कॉलोनी में सड़क पर पड़े गड्ढों के कारण मासूम बच्ची किरण रघुवंशी की असमय मृत्यु हुई। इस दर्दनाक घटना पर 2 मिनट का मौन रखकर सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अजय राठौर द्वारा गड्ढों पर सफेद चॉक से गोले बनाकर भीतर लिखा गया , खतरा ए मौत का गड्ढा जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

अभय बालापुरकर एवं समिति सदस्य राजकुमार वच्छानी ने सभी उपस्थित नागरिकों को सामूहिक संकल्प दिलाया , हम सुरक्षित सड़क और जीवन के लिए समाज व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते रहेंगे। इस अवसर पर श्रीमती सरिता भगत मंदसौर सेवक राजकुमार बछवानी पुनीत सकेल अजय राठौर धर्मेंद्र सोनी अभय बालापुर कर आदि लोग मौजूद थे।

रक्तदान-महादान : विशाल रक्तदान शिविर कल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ब्रह्माकुमारीज़ का यह कदम भारत के 1000 से अधिक सेवाकेन्द्रों पर एक साथ रक्तदान का सुनहरा प्रयास है। आपका दिया हुआ रक्तदान किसी को नया जीवन दे सकता है, किसी के परिवार को फिर से खुशियाँ दे सकता है।आप भी इस श्रेष्ठ कार्य में शामिल होकर किसी असहाय, जरूरतमंद की मदद करें। यह शिविर 24 अगस्त 2025 रविवार को समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक स्व.नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय जिला अस्पताल,बहादरपुर रोड बुरहानपुर पर आयोजीत किया गया है।अधिक जानकारी के लिए स्वाति दीदी 8839883792 , अशोक अग्रवाल 8770479442 , प्रिंस कुमार सेठिया 9575630333 , गितेश देवकर 8269154115 से संपर्क कर सकते है। कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवा प्रभाग आरईआरएफ ,आबू रोड तथा ब्रह्माकुमारीज,बुरहानपुर , रोटरी क्लब बुरहानपुर रहेगें।

37 वन ग्रामों को राजस्व में बदलने के लिए होगा सर्वे

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। 37 गांवों को वन ग्राम से राजस्व ग्रामों में परिवर्तित किया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को नेपानगर स्थित एसडीएम कार्यालय में वन विभाग,राजस्व अफसरों की बैठक हुई जिसमें नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला,वन विभाग नेपानगर के एसडीएम विक्रम सुलिया सहित पटवारी,वनकर्मी मौजूद थे। एसडीएम भागीरथ वाखला ने बताया कि इसके लिए एक टीम का गठन किया गया है। उपरोक्त टीम द्वारा जल्द सर्वे शुरू किया जाएगा। जिससे राजस्व और वन ग्रामो के क्षेत्र के गांवों की सीमा निर्धारित होगी।

योग के माध्यम से स्वास्थ्य, संस्कार और समृद्धि का बीजारोपण करें : स्वामी डॉ.परमार्थ देव

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। पतंजलि योग समिति बुरहानपुर द्वारा स्थानीय गुर्जर भवन संजय नगर में विशेष इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरिद्वार से पधारे विश्व योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज के अनन्य शिष्य पूज्य स्वामी डॉ.परमार्थ देव जी महाराज ने कहा कि श्भारतीय योग परंपरा विश्व की सबसे अर्वाचीन और प्राचीन परंपरा है। महर्षि पतंजलि के तप से हमें जो योग विरासत में मिलाए उसका पुनर्स्थापन स्वामी रामदेव ने संकल्पपूर्वक किया है। यदि भारत को सबल और समर्थ बनाना है

तो योग ही उसका एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योगाभ्यास से स्वस्थ शरीर और संयमित विचारों वाला मनुष्य तैयार होगा और यही विकसित भारत का निर्माण कर विश्व को नेतृत्व देगा। स्वामी परमार्थ देव जी ने अत्यंत रोचक व संगीतमय शैली में योगाभ्यास कराया।

इस अवसर पर राज्य प्रभारी राजेन्द्र आर्य, मातृशक्ति श्रध्दामयी सुधाजी, कृष्ण योगेन्द्र सिंह रघुवंशी, युवा भारत के प्रभारी प्रेम पुनिया,गायत्री परिवार से वसंत मोढे, पतंजलि योग समिति के प्रभारी मनोज कानुगो एवं पदाधिकारी राहुल देवरे, डाक्टर बलवंत पाटिल,अशोक पाटिल,विजय महाजन,आदित्य प्रजापति,भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला प्रभारी पंकज महाजन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य बने सुदामा इंगले, श्रीकांत गंगराडे सहित बड़ी संख्या में योग शिक्षक, साधक और नागरिक उपस्थित रहे। संचालन प्रभारी राजेन्द्र आर्य ने किया तथा आभार भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला संगठन मंत्री श्रीकांत गंगराडे ने व्यक्त किया।

पोला पर्व : सालभर में एक दिन बैलों की पूजा-अर्चना का दौर, खिलाई पुरनपोली

नवभारत न्यूज, नेपानगर। पोला पर्व पर क्षेत्र में शुक्रवार को जगह जगह आयोजन हुए। डाभियाखेड़ा, नावरा, घाघरला, पलासुर सहित अन्य गांवों में किसानों ने बैलों की पूजा अर्चना की। पुरनोली खिलाई। सजा धजाकर सम्मान दिया गया।

ग्राम घाघरला में ग्रामीणों ने उत्साह से पोला पर्व मनाया। सालभर किसानों के खेतों में मेहनत कर हल खींचने वाले बैलों को पूजा गया गया। किसान पोला त्योहार मनाकर उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं। इस दिन उनसे किसी प्रकार का काम नहीं कराया जाता। सुबह से ही ग्रामीण अपने बैलों को लेकर मंदिर में पूजा

पाठ करने पहुंचे। वह अपने बैलों को रंग बिरंगी चोला पहनाकर मंदिर परिसर में दिखाई दिए। साथ ही ग्रामीण युवाओं में इसका अलग ही रूप देखने में मिला। युवा भी अपनी पारम्परिक वेश भूषा में नजर आए। किसान हरिओम राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पोला त्योहार का विशेष महत्व है। खेतों में काम कर किसानों की मदद करने वाले इन बैलों को पोला के दिन बड़े सम्मान के साथ पूजा पाठ किया जाता है। इस दिन किसान अपने बैलों को सुबह से ही नहलाकर उनका विशेष प्रकार से श्रृंगार करके मंदिर ले जाकर पूजा अर्चना करते है। प्रत्येक घर में मीठा पकवान बनाया जाता। अपने आगे संबंधी मित्रों को बुलाकर खाना खिलाया जाता है। तोरण प्रतियोगिता पोला त्योहार पर ग्रामीणों द्वारा तोरण प्रतियोगिता की जाती है जिसमें गांव के सभी किसान अपने अपने बैलों को सजाकर गांव के एक चौराहे पर जमा करते हैं और आम के पत्तों ओर नारियल से बनी तोरण एक चौराहे पर बांध दिया जाता है। साथ गांव के सभी बैलों को एक साथ दौड़कर तोरण तोड़ा जाता है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ट्रेनिंग के लिए दिल्ली रवाना

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। 24 अगस्त को दिल्ली में मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग रखी गई हैण् इस सत्र में उन्हें जिम्मेदारियां और रणनीति की जानकारी दी जाएगीण् प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जीतू पटवारी भी उपस्थित उपस्थित रहेगेणआज इसी प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने के लिए बुरहानपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकू टॉक और ग्रामीण अध्यक्ष रविंद महाजन बुरहानपुर से दिल्ली रवाना हुएण् इस दौरान जिला सचिव आशीष भगत और शेख आरिफउपस्थित थे।

एक नजर

बुहानपुर में जर्जर मार्गों को तत्काल दुरूस्त करते हुए 3 से 4 दिन में कार्य पूर्ण करें

संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें : अर्चना चिटनिस

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुहानपुर में जर्जर मार्गों को तत्काल दुरूस्त करते हुए 3 से 4 दिन में कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बारिश के कारण सड़कों की स्थिति खराब हुई है। साथ ही पूर्व में मार्गों की मरम्मत के उपरांत भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिस पर चिटनिस ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें। साथ ही मार्गों की पुन: मरम्मत करें। चिटनिस के निर्देश के तत्काल बाद मार्गों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश, अधिकारियों ने मार्ग का किया निरीक्षण :- श्रीमती अर्चना चिटनिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कार्यपालन यंत्री रविन्द्र वर्माए अनुविभागीय अधिकारी अविनाश सोनी सहित विभागीय अधिकारियों से बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रीमती चिटनिस के निर्देश के बाद संबंधित अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मार्ग का निरीक्षण किया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि आगामी 3 से 4 दिवस के अंदर मार्ग की मरम्मत पूर्ण करें। आगामी त्यौहारों में जनता को कोई परेशानी न होए इसका भी ध्यान रखे। इसके साथ ही श्रीमती चिटनिस ने नगर के विभिन्न मार्गों की मरम्मत के लिए भी निर्देशित किया।

मार्ग निर्माण हेतु 54.13 करोड़ की मिली है प्रशासकीय स्वीकृतिए शीघ्र शुरू होगा निर्माण:- श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मध्यप्रदेश.महाराष्ट्र सीमा लोनी तक 8.65 किलो मीटर सीमेंट कांक्रिट मार्ग निर्माण हेतु 54.13 करोड़ की लागत की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। आवश्यक कार्यवाही पूर्ण

करने के उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व में इस मार्ग पर आवागमन को सुगम बनाने हेतु सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्य के लिए 2 करोड़ 29 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कराई थी। जिसके बाद मरम्मत का कार्य प्रारंभ हुआ था। किन्तु कार्य में लापरवाही की बात सामने आई है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर दोषियों के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही करें।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि सिंधीबस्ती से लोनी महाराष्ट्र सीमा तक 8.65 किलोमीटर मार्ग को आवागमन की सुविधा हेतु मरम्मत का कार्य करने हेतु विशेष प्रयास करते हुए शार्ट टाईम मेंटेनेस 347 सी के लिए लंबे समय से प्रयासरत रही हूं। प्राय: जो मार्ग निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी जाती है उस मार्ग की मरम्मत का कार्य नहीं कराया जाता है। किन्तु लगातार जनसमस्या को प्रदेश और केन्द्र सरकार के समक्ष रखते हुए इस कार्य को विशेष रूप से कराने की पहल की थी। श्रीमती चिटनिस ने निर्माण एजेंसी को अधिकारियों ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने और दिन.रात कार्य करके कार्य को समाप्त करने के लिए निर्देशित किया है।

श्रीमती चिटनिस के निर्देश के बाद किया निरीक्षण :- निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग इंदौर कार्यपालन यंत्री रविन्द्र वर्मा,अनुविभागीय अधिकारी अविनाश सोनी सहित विभागीय अधिकारी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार,नरहरी दीक्षित, विनोद चौकसे, योगेश महाजन,मनोज महाजन, रूद्रेश्वर एंडोले, विनोद कोली,रवि काले, सुरेश लोंडे, दीपक महाजन, विठ्ठल चौधरी, रूपेश लिहनकर एवं सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।